### एक नजर में

## रोजगार के अवसर हेतु लग रहा युवा मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र,रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 27 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से शायं 4 बजे तक रोजगार मेला,युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेगें। उक्त रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा उत्तीर्ण समस्त बेरोजगार युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र,समग्र आईडी,आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मनोज कुमार विश्वकर्मा प्रशिक्षण अधिकारी शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ के मोबाईल पर संपर्क कर सकते हैं। आगामी 27 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से शायं 4 बजे तक रोजगार मेला,युवा संगम का आयोजन किया जाएगा।

# थोक सब्जी मंडी में रोजाना बन रहे जाम के हालात

**लोगों को पैदल निकलने में हो रही काफी परेशानी**

**समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है। सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में सुबह के समय मनमाने तरीके से खड़ी गाड़ियां तथा हाथ ठेले यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा पेंचीदा बना रहे है। यातायात पुलिस का कोई जबान यहां दिखाई नहीं देते है। जिससे यहां घंटों लोगों को जाम का शिकार होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस केवल नगर के बाहर चालान काटने में व्यस्त रहती है, जबकि यातायात की व्यवस्था सुधारना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है। यातायात पुलिस भले ही शहर से बाहर चेकिंग अभियान चला कर महज खानापूर्ति कर रही हो लेकिन शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में पाकिं ग की व्यवस्था नहीं होने से यह हालात अब गंभीर रूप लेते जा रहे है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है।

सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय लोगों ने यहां समुचित पार्कि ग व्यवस्था बनाए जाने की मांग प्रशासन से की है।

### नहीं सुधर रहा ट्रैफिक सिस्टम

इसी प्रकार मुख्य बाजार में वाहनों की कतार लग जाने से सबसे ज्यादा समस्या बनती है। जिसको देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने की मांग की है। दरअसल जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार जाम को लेकर सख्ती जरूर बरती गई। लेकिन इसके कोई सार्थक परिणाम नहीं आए हैं। फिर से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था के हालत जस की तस हो गई हैं। नगर के मुख्य रास्ते पर घण्टों बेतरतीब खड़े वाहन लोगों के लिए परेशानी से कम नहीं है। नगर में करीब एक दर्जन से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां हर घंटे जाम के हालात बन जाते हैं।

## ईगल एवं सुभाष क्लब के बीच फाइनल आज



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के नजर बाग मैदान में चल रहे नूर मुहम्मद स्मृति अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया आज रविवार को फाइनल मैच सुभाष क्लब जतारा एवं ईगल टीम के बीच खेला जाएगा। इसी के साथ आयोजन का समापन किया होगा। शनिवार को दो सेमीफइनल मैच खेले गए। इन मैचों में ईगल क्लब और सुभाष क्लब जतारा ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।**

टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष गौरव शर्मा और सचिव मोना जैन ने बताया कि पहला सेमीफाइनल खेल में पहला मैच जतारा एवं अशद टीम के बीच हुआ जिसमें जतारा की टीम ने अशद क्लब को करारी मात देते हुए जीत दर्ज कराई है। इसी प्रकार दूसरा सेमीफाइनल मैच ईगल टीम एवं खेल युवा केन्द्र के बीच खेला गया जिसमें ईगल टीम ने एक गोल से जीत दर्ज कराई। अब आज रविवार को फाईनल मैच जतारा एवं ईगल क्लब के बीच होगा और इसी के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा। शहर के नजर बाग मैदान में चल रहे नूर मुहम्मद स्मृति अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया आज रविवार को फाइनल मैच सुभाष क्लब जतारा एवं ईगल टीम के बीच खेला जाएगा।

# नशामुक्ति के लिए आदिवासी महिलाएं लामबंद



**नवभारत न्यूज जतारा। ग्राम पंचायत किटाखेरा के गांधीग्राम की आदिवासी महिलाओं ने पंचायत के सरपंच को नशा मुक्ति के लिए आवेदन देकर शराब बंदी की मांग की है।**

जतारा नगर से लगा हुआ गांधीग्राम जो की किटाखेरा पंचायत मैं आता है जहां पर अवैध रूप से बिक रही शराब को लेकर गांधीग्राम की आदिवासी महिलाओं ने पंचायत के सरपंच को आवेदन पत्र देते हुए कहा कि हम सब महिलाएं अवैध रूप से संचालित हो रही शराब की दुकान से बेहद परेशान है हमारे पति मजदूरी करके आते हैं और पूरा पैसा शाम को शराब पीने में बर्बाद कर देते है। पंचायत के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां पर जतारा निवासी गौरव रजक के द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है इसी को संज्ञान में लेते हुए पंचायत के सरपंच निशांत साहू ने थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवैध रूप से संचालित शराब की दुकान को बंद कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारी पंचायत में गांधीग्राम में 1000 आदिवासी मतदाता बहने हैं जो बेहद परेशान है इसी को देखते हुए पंचायत के सरपंच ने शक्ति के साथ शिकायती पत्र लिखकर अवैध रूप से संचालित दुकान को बंद कराए जाने की मांग की है।

## एसआईआर कार्य का किया गया अवलोकन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनिरीक्षण एसआईआर कार्य का अवलोकन किया जा रहा है।**

इसीक्रम में निरीक्षण के दौरान जिन बीएलओ की प्रगति कम है उन पोलिंग बूथ के सुपरवाइजर एवं अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया गया तथा फार्म कलेक्शन में हो रही समस्याओं का निराकरण किया गया। उन्होंने मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रक को शत-प्रतिशत बीएलओ ऐप में अपलोड करते हुए डिजिटलाइजेशन का कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष बीएलओ ऐप में गणना पत्रक में प्राप्त डाटा को दर्ज भी कराया एवं मतदाताओं की संख्या, गणना पत्रक वितरण की स्थिति सहित अन्य जानकारियां भी संबंधित बीएलओ से प्राप्त की। साथ ही एसआईआर कार्य के संबंध में बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता को गणना पत्रक भरने में पूर्ण सहायता करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनिरीक्षण एसआईआर कार्य का अवलोकन किया जा रहा है। एसआईआर कार्य को दिनों-दिन गति मिल रही है।

# जिला जेल के अल्पविराम कार्यक्रम में सुनाईं कहानियां



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग एवं जिला प्रशासन टीकमगढ़ के निर्देशन में जिला जेल टीकमगढ़ में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के पूजन व ईश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सबसे पहले जेल विभाग के शिक्षक सियाराम यादव द्वारा कैदियों से अल्पविराम कार्यक्रम को परिभाषित करते हुए कहानियां और गतिविधियों के द्वारा दी गई।**

शिक्षा को गहराई से आत्मसात करने के लिए आग्रह किया गया। डीपीएल नितिन कुमार बबेले ने आनन्द विभाग का विस्तृत एवं सार गर्भित परिचय दिया। प्रतिभागियों का परिचय लेते हुए आनंद की ओर सत्र जिले के मास्टर ट्रेनर विशाल कड़ा ने लिया और प्रतिभागियों में आनन्द की अवधारणा पुष्ट की तथा विभिन्न परिस्थितिओं में आनंदित रहने तथा स्वयं से जुड़े रहने की प्रक्रिया को समझाया एवं मास्टर ट्रेनर रविन्द्र ने चिंता का दायरा प्रभाव का दायरा सत्र लिया बताया कि जहां हमारा ध्यान जाता है। स्वयं की परिवर्तन की कहानी से समस्या से समाधान के महत्व को भावुक तरीके से समझाया, सत्र के दौरान कई केदियो के आँखों में आंसू थे।

## पहले आओ-पहले पाओ पर होगा क्रियान्वयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमति मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों हेतु सभी वर्ग के आवेदकों से आवेदन आंमत्रित किये गये है। योजना का कियान्वयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा।**

जिले के पात्र इच्छुक आवेदक आगामी 8 दिसंबर 2025 को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ मे जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगें। योजना की बिस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

# यूपी के पूर्व सीएम की कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर में लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। इस मौके पर तमाम कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए।**




नगर के सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि नेताजी दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, छात्रों,नौजवानों, किसानों को हक और अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही खुशहाली व तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि नेताजी के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश तथा देश की राजनीति में करीब पांच दशक तक अपनी पहचान बनाने वाले मुलायम सिंह यादव को गरीबों और पिछड़ों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर काम करने के लिए भी जाना जाता है। उनको कल्याणकारी नीतियों के लिए सदैव याद किया जाएगा। उनके विचार अमर रहेंगे।इस मौके पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, विशाल यादव, चंद्रपाल सेन, अभिषेक वर्मा, अकरम खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।पलेरा।। नगर में लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई।

# 13 युवाओं का इंडियन आर्मी में अग्निवीर के तौर पर चयन

**चयनित सभी युवाओं का पुलिस ग्राउंड में हुआ सम्मान**

**डेढ़ साल की तैयारी एवं मेहनत ले आई रंग**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। 13 युवाओं का इंडियन आर्मी में अग्निवीर के तौर पर चयन होने पर चयनितों के परिजनों में हर्ष व्याप्त है। इन युवाओं को शनिवार को पुलिस परेड ग्राउंड में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन आर्मी और पुलिस की तैयारी कर रहे अन्य युवाओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी।**

जानकारी के अनुसार वीर बुंदेलखंड फिजिकल अकादमी के कोच भैया राजा बुंदेला ने चयनित युवाओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। बुंदेला ने बताया कि ये युवा पिछले करीब डेढ़ साल से अकादमी में पुलिस और आर्मी की फिजिकल प्रैक्टिस कर रहे थे। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई है। इंडियन आर्मी अग्निवीर परीक्षा हाल ही में आयोजित हुई थी। इसके बाद 5 अगस्त को शिवपुरी में फि जिकल टेस्ट हुआ था। सर्टिफि केट वेरिफि केशन और मेडिकल परीक्षण के उपरांत जारी अंतिम परिणाम की पहली सूची में टीकमगढ़ के इन 13 युवाओं का चयन सुनिश्चित हुआ है। दूसरी सूची अभी आनी शेष है जिसमें इतने ही और युवाओं के चयनित होने की उम्मीद है।

इंडियन आर्मी अग्निवीर परीक्षा में जिले से चयनित होने वाले युवाओं में अक्षय यादव, इंद्रपाल यादव, शिवम यादव, सौरव यादव, अखिलेश यादव, विशाल यादव, रोहित कुशवाहा, आशीष विश्वकर्मा, शिवम ठाकुर, गुड्डु चौधरी, जितेंद्र अहिरवार, रामस्वरूप राजपूत और राघवेंद्र यादव शामिल हैं। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित सम्मान समारोह में साथी युवाओं ने चयनित उम्मीदवारों को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर गौरव शर्मा, राकेश उपाध्याय, धनीराम सोनी, केपी दांगी, अवधेश तिवारी, बंटी तिवारी सहित गुड मॉर्निंग ग्रुप के सदस्य भी मौजूद रहे। 13 युवाओं का इंडियन आर्मी में अग्निवीर के तौर पर चयन होने पर चयनितों के परिजनों में हर्ष व्याप्त है। इन युवाओं को शनिवार को पुलिस परेड ग्राउंड में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंडियन आर्मी और पुलिस की तैयारी कर रहे अन्य युवाओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। टीकमगढ़ के इन 13 युवाओं का चयन सुनिश्चित हुआ है।

**घटना** दुकानदार ने लाखों की चोरी की जताई आशंका

# चोरों ने आभूषण दुकान को बनाया निशाना, जेवरात लेकर हुए चंपत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बीते कुछ माह से जिले भर में चोरों के होसले बुलंद है और वह लगातार पुलिस को चुनौती देते हुए चोरियों की घटना को अंजाम दे रहे है। जिसके चलते अज्ञात चोरों ने सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यिानी रात एक आभूषण की दुकान को अपना निशाना बना डाला। नगर परिषद क्षेत्र के बीच बाजार में स्थित अरविंद जैन उर्फ गुड्डु की सर्राफा दुकान से लाखों रुपये के जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।**



जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो उन्होंने ताला टूटा हुआ और शटर आधा खुला देखा। अंदर सामान बिखरा मिलने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी विक्रम सिंह , एसडीओपी राहुल कटरे, बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह एवं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दुकान और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को दुकान से लगभग 100 मीटर दूर एक सुनसान जगह में सोने-चांदी के जेवरात रखने वाले खाली डिब्बे मिले। एसडीओपी ने बताया कि डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

चोरी की इस वारदात को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। बड़ागांव कस्बे में सर्राफा दुकान में चोरी की घटना हुई है। शनिवार की सुबह करीब 5 बजे जब नगर के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो इस दौरान लोगों ने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और शटर आधा खुला है। उन्होंने दुकानदार को इसकी सूचना दी। दुकानदार मौके पर आकर देखकर तुरंत थाना पुलिस को सूचित किया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद से जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपी का पता लगा लिया जाएगा।

### पुलिस के अधिकारियों ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

चोरी की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी विक्रम सिंह , एसडीओपी राहुल कटरे, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह एवं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दुकान और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को दुकान से लगभग 100 मीटर दूर एक सुनसान जगह में सोने-चांदी के जेवरात रखने वाले खाली डिब्बे मिले। एसडीओपी ने बताया कि डॉग स्कायड और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

## गणना पत्रों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने तहसील बड़ागांव धसान में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक भरने के पश्चात बीएलओ द्वारा किये जा रहे डिजिटाईजेशन कार्य की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

श्री श्रोत्रिय ने बीएलओ को निर्देश दिए कि ऐसे बीएलओ जिन्हें फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं वह जल्द से जल्द फ ॉर्म को डिजिटली रजिस्टर्ड करें एवं अपने सहयोगी अधिकारियों कर्मचारियों को भी डिजिटलाइजेशन के लिए फॉर्म दें। श्री श्रोत्रिय ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा डिजिटाइजेशन के प्रतिशत से ही प्रगति देखी जा रही है ।

# कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका अहम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने जिले के सक्रिय सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदाता जागरूकता में कंटेंट क्रिएटर्स की भी भूमिका अहम है।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे कार्य की जनता के बीच जागरूकता लाने में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है उन्होंने बताया कि लोग मतदाता गणना पत्र में बेसिक जानकारी भरकर बीएलओ को दें, बाकी जानकारी की प्रविष्टि बीएलओ द्वारा की जाएगी। उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स से अपील की कि वे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाताओं के पंजीयन, अपूर्ण विवरण सुधार एवं 2003 की मतदाता सूची से लिंकिंग की प्रक्रिया की जानकारी को आमजन तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुँचायें।